प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

पंतनगर 29 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय के बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति डा. चौहान ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय की अध्यापिकाओं के योगदान की सराहना की और शिक्षकों को छात्रों के व्यवहारिक कौशल सुधारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देने में सहयोग करने का अनुरोध भी किया।

इस अवसर पर प्रबंधक डा. श्रीराम, डा. मोहन सिंह, अधिष्ठाती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, प्रधानाध्यापिका डा. मंजु जोशी, सभी अध्यापिकाएं, कर्मचारी, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विजया शुक्ला और श्रीमती राजरानी ने किया। इसके अतिरिक्त, श्रीमती निधि मिश्रा, श्रीमती कविता सती और श्रीमती आशा जोशी द्वारा तैयार कराए गए नृत्यों की कुलपति द्वारा विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में कुलपति द्वारा 66 विद्यार्थियों को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उनके  उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।




